# हे कृष्णा हे गोपाला | By Muskan Sharma |

हे कृष्णा हे गोपाला
हे जग पालनहार
तेरी दासी तुझको पुकारे
बिनती करो स्वीकार

द्वापर युग में श्याम बने तुम
त्रेता युग में बन गए राम
जब-जब पाप बढ़ा धरती पर
तब-तब आए तुम भगवान
पाप मिटाने धर्म बचाने
आओ ले अवतार
हे कृष्णा हे गोपाला
हे जग पालनहार

किसी रूप में प्रभु जी आना
मुझको भी तुम पार लगाना
शबरी, अहिल्या, मीरा, राधा के जैसे
याद रखे मुझको भी जमाना
मेरा करने तुम उद्धार
आ जाओ एक बार
हे कृष्णा हे गोपाला
हे जग पालनहार
तेरी दासी तुझको पुकारे
बिनती करो स्वीकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-muskan-sharma/